# संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास
## इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर

**File No.:ESTB-1024/1248/2026-UAD SEC** 5021 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 31/7/2026

## //आदेश//

संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर के पत्र क्रमांक 1087 दिनांक 29.07.2026 द्वारा प्रेषित जाँच प्रतिवेदन के अनुसार नगर पालिका परिषद कटघोरा में अटल परिसर में स्थापित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा निर्माण कार्य प्राक्कलन के प्रावधानों के विपरीत होना, विभिन्न भागों से परत उखड़ने, सतत् क्षतिग्रस्त होने तथा कांस्य प्रतिमा मानकों के अनुरूप नहीं होने के कारण निर्माण प्रक्रिया में पदस्थापना के दौरान की गई अनियमितता में श्री चन्द्र प्रकाश जायसवाल उप अभियंता उत्तरदायी पाये गये है। श्री जायसवाल का उक्त कृत्य उनके पदीय कर्तव्यों के विपरीत होने के कारण छत्तीसगढ़ नगर पालिका कर्मचारी (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 1968 के नियम 53 के तहत् श्री जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है ।

निलंबन अवधि में श्री जायसवाल का मुख्यालय संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, दुर्ग नियत किया जाता है एवं उन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी ।

**संचालक**
**नगरीय प्रशासन एवं विकास**
**छ.ग. नवा रायपुर अटल नगर**

**File No.:ESTB-1024/1248/2026-UAD SEC** 5022 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 31/7/2026

**प्रतिलिपिः**— निम्नलिखित की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. निज सहायक मान. मंत्रीजी, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर ।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर।
3. कलेक्टर, जिला—कोरबा/बेमेतरा।
4. संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर एवं दुर्ग ।
5. अध्यक्ष/मुख्य नगर पालिका अधिकारी, न.पा कटघोरा/न.पं. मारो ।
6. मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत मारो, आदेश की प्रति श्री जायसवाल को तामिल कराते हुए दिनांकयुक्त पावती संचालनालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।
7. श्री चन्द्र प्रकाश जायसवाल, उप अभियंता, नगर पंचायत मारो की ओर पालनार्थ ।
8. नगर पालिका स्थापना शाखा, संचालनालय नवा रायपुर अटल नगर ।

**संचालक**
**नगरीय प्रशासन एवं विकास**
**छ.ग. नवा रायपुर अटल नगर**